# दैनिक पदमावत मीडिया

Reg.No.MH18D0030877 •ई-पेपर• •न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे•

www.padmavatmedia.in | Mo. 9594542679 | Email- padmavatmedia@gmail.com

वर्ष : 10 • डिजिटल अंक : 234 • मुंबई, शुक्रवार, 03 मई , 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 निःशुल्क •


## वृद्ध महिला की हत्या कर लूटी गई चांदी की कडीया बरामद व एक आरोपी गिरफ्तार



पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** जिले के गींगला में 20 अप्रैल 2024 को गींगला थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि वांसा गांव के पास नदी के किनारे बीड में एक वृद्ध महिला का शव पड़ा हुआ है जहां मौके पर पुलिस पहुंची थी और मृतका की पहचान घुलीराम नागदा पिता हेमाजी नागदा निवासी वांसा उथरदा ने अपनी पत्नी दोली बाई नागदा उम्र 72 साल के रूप में की थी। पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक अरशद अली के निर्देश पर मामले की गहनता से जांच शुरू की गई और त्वरित कार्यवाही करने के लिए पुलिस थाना गींगला टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास व गींगला थाना क्षेत्र पर लगे सीसीटीवी कैमरों को चैक किया गया और संदिग्ध लोगो से पूछताछ की गई वहीं टीम ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और जिसकी सहायता से आरोपी नरेष नागदा पिता शातिलाल नागदा निवासी वासां उथरदा पुलिस थाना गीगला, जिला सलूम्बर को गिरफ्तार किया और अभियुक्त से घटना में लुटे गये गहनों के सम्बन्ध में अनुसंधान किया तो आरोपी नरेष नागदा ने बताया कि वृद्धा की चांदी की कडिया लुट कर हत्या कर चांदी की कड़यिा घटना के बाद गींगला बस स्टेण्ड के पास रामेष्वरम ज्वैलर्स दुकान भरतकुमार पिता हुकमीचन्द सोनी उम्र 34 वर्ष निवासी उथरदा को 37500 रुपये में बेचना बताया जिस पर भरतकुमार सोनी से उक्त कडिया बरामद कर गिरफ्तार कर अनुसंधान किया गया तो उक्त चांदी की कीमत करीब 61000 रुपये के आस पास होना पाई गई आरोपी नरेष नागदा व मृतका वृद्ध महिला एक ही परिवार व गांव के होना पाए गए साथ ही भरतकुमार सोनी भी इनके गांव के पास का ही रहने वाला है भरतकुमार सोनी को वृद्ध महिला की हत्या कर चांदी की कडिया लुटने की जानकारी होने के बाद भी आरोपी भरतकुमार सोनी द्वारा वृद्धा की लुटी हुई चांदी की कड़यिा को अपने पास छिपाके रखना व कम दामों में खरीदना पाया गया है जिसको लेकर आरोपी भरतकुमार सोनी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा दिया गया है।

## जावद गांव में चोरों ने घर से डेढ़ लाख की नगदी सहित जेवरात लेकर हुए फरार, दो कमरों के तोड़े ताले

पदमावत मीडिया

**सलूम्बर ।** जिले के सलूम्बर थाना क्षेत्र के जावद गांव के एक घर से बीती रात अज्ञात बदमाशों ने डेढ़ लाख रुपए नकद और सोना-चांदी के जेवरात चुरा लिए। पीड़ित ओनाड सिंह पिता लाल सिंह ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दी है। जिसमें बताया कि बीती रात वे मकान की छत पर अपने परिवार के साथ सो रहे थे।

अहमदाबाद से आए उनकी बड़ी भाभी घर में कूलर चालू करके एक कमरे में सो रहे थे। रात करीब 1» 30 बजे घर में तेज आवाज सुनाई दी। इस पर ओनार सिंह की नींद खुली और वह चिल्लाए। इस पर चोर ओनार सिंह को धमकाते हुए वहां से तुरंत भाग निकले। ओनार सिंह ने घर में देखा तो दो कमरों के ताले टूटे हुए मिले।

कमरे में रखी पेटी, तिजोरी और अलमारी के ताले भी टूटे मिले और सामान बाहर बिखरा हुआ था। प्रार्थी ने बताया कि चोर उनके घर से डेढ़ लाख रुपए नकद, 5.5 तोला सोने के जेवर और 1 किलो 200 ग्राम चांदी के जेवर चुराकर ले गए। चोरों ने एक घंटे में ही इस वारदात को अंजाम दिया। प्रार्थी ने बताया कि रात करीब 12 बजे उनका परिवार जाग रहा था। इसके बाद ही चोर उनके घर में घुसे। नीचे सो रही बड़ी भाभी को कूलर चलने की आवाज से चोरों की आवाज सुनाई नहीं दी। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि चोरों की संख्या दो से तीन थी। लोगों को पता नहीं लगे, इसलिए वे चोरी के दौरान मोबाइल टॉर्च का उपयोग कर रहे थे।

**एक हैड कांस्टेबल के भरोसे पुलिस चौकी**

थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों पर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि जावद पुलिस चौकी मात्र एक हैड कांस्टेबल के भरोसे संचालित है उनके पास और स्टाफ नहीं है जिससे चोरी जैसी घटना पर लगाम लग सके। चोरों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस ने जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने और रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।



**जल्द पकड़ेंगे आरोपी एसपी**

सलूंबर के एसपी अरशद अली का कहना है कि घटना को लेकर संबंधित थानाधिकारी को कार्रवाई के आदेश दिए हैं। बदमाशों की गतिविधियों पर अंकुश लगाया जाएगा। चुनाव की वजह से स्टाफ की कमी थी। ऐसे में चौकी पर स्टाफ तैनात कर दिया जाएगा।

## मदर्स डे पर सजेगी माँ के लिये लफ्ज़ों की महफ़िल - मुकेश माधवानी

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** एम स्क्वायर प्रोडक्शन एंड इवेंट्स और राजराजेश्वरी फाउंडेशन (परमार्थिक सृजनात्मक न्यास) के संयुक्त तत्वावधान में 12 मई मदर्स डे के अवसर पर 100 फीट रोड, शोभागपुरा स्थित अशोका पैलेस के मधुश्री सभागार में शाम 5 से 7 बजे तक काव्य संगम कार्यक्रम में लफ्ज़ों की महफ़िल सजेगी, जहां शहर के कवि, गीतकार एवं संगीतकार मॉं के प्रेम, स्नेह एवं त्याग के विषय पर प्रस्तुतियां देंगे। लफ्ज़ों की महफ़िल के संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया कि मां ही हमें नैतिक मूल्यों की सीख देती हैं और हमें सही और गलत के बीच अंतर को समझाती हैं। उनका संघर्ष, समर्पण और प्रेम हमें जीवन के हर मोड़ पर प्रेरित करता है। उनका स्नेह और समर्थन हमें जीवन में सहारा देता है और हमें आत्मविश्वास प्रदान करता है। यह कार्यक्रम भी हम सभी की मॉं को समर्पित है। कार्यक्रम में निशुल्क रजिस्ट्रेशन हेतु सम्पर्क कर सकते है - 8079058598

## राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम का संचालन

### कार्यशाला में जिले के 327 विद्यालयों के 36624 बालक-बालिकाओं ने लिया भाग

पदमावत मीडिया

**सलूम्बर ।** जिला कलक्टर जसमीत सिहं संधु के निर्देशानुसार सलूम्बर जिलें में स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सलूम्बर डॉ.जे.पी बुनकर की अध्यक्षता में एनटीईपी (राष्टीय तम्बाकु नियंत्रण कार्यक्रम) का संचालन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सलूम्बर द्वारा बताया गया कि जिले के अधीन संचालित समस्त राजकीय विद्यालयों में छात्र- छात्राओं को तम्बाकु नियत्रंण के तहत तम्बाकु के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों की कार्यशाला आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि 24 अप्रेल-2024 तक 327 विद्यालयों के 36624 बालक एवं बालिकाओं ने उक्त कार्यशाला में भाग लिया जिनको तम्बाकु सेवन न करने की शपथ दिलाई गई, कोटपा एक्ट के तहत 603 चालान काटें गयें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सलूम्बर डॉ.जे.पी बुनकर एवं जिला स्तरीय टीम ने गुरूवार 2 मई-2024 को प्रा0स्वा0केन्द्र टोकर का निरीक्षण, कोल्ड चेन मोनिटरिंग एवं टोकर आंगनवाडी केन्द्र पर एमसीएचएन डे का निरीक्षण किया ।



## निम्स एवं बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के मध्य हुआ एमओयू संपन्न, शोध अनुसंधान एवं विनिमय कार्यक्रमों के साथ दोनों संयुक्त रूप से मिलकर करेंगे कार्य

### ज्ञान और कौशल विकास के मोर्चे पर द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगा यह एमओयू - प्रो. अंबरीष शरण विद्यार्थी, कुलपति



पदमावत मीडिया

**बीकानेर ।** निम्स विश्वविद्यालय जयपुर एवं बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के मध्य आज एमओयू संपन्न हुआ। जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि दोनों पक्षो ने आपसी सहयोग, संयुक्त कार्यक्रमों और शैक्षणिक विकास के असिमित अवसरों पर सहमति जताई हैं। दोनों विश्वविद्यालयों ने द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक गहरा करने, जीवंत साझेदारी को मज़बूत करने तथा शिक्षा, कौशल विकास, गहन तकनीकी अनुसंधान एवं पारस्परिक हित के विभिन्न क्षेत्रों में जुड़ाव बढ़ाने के बारे में भी सार्थक बातचीत की।साथ ही दोनों ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मे सहयोग बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की।

इस अवसर पर बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अंबरीष शरण विद्यार्थी एवं निम्स विश्वविद्यालय के सलाहकार एवं पूर्व कुलपति प्रो.अमेरिका सिंह ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए एवं समझौता ज्ञापन एक दूसरे को हस्तांतरित किए। एमओयू के दौरान परीक्षा नियंत्रक डॉ.मुकेश जोशी, कुलपति के ओएसडी डॉ. धर्मेंद्र यादव, डीन अकादमिक अमित माथुर, डीन डॉ. अलका स्वामी, डीन डॉ. ममता शर्मा, डीन डॉ. रुमा भदौरिया, डीन अभिषेक पुरोहित, डीन कपिल पांडे, डॉ.अनु शर्मा, डॉ. हेम आहूजा, डॉ. गायत्री शर्मा, डॉ. दीपक बंसल, संजीत कुमार , उप पंजीयक परीक्षा जय भास्कर, डॉ. परबंत सिंह संधू, अमित सुधांशु, नीरज चौधरी, अक्षिता चौधरी, डॉ प्रीति पारीक, राम श्रवण, डॉ देवेंद्र तिवारी, साकेत जांगिड़, दिनेश कुमार सैन, संदीप कुमार, करतार सिंह सिद्धार्थ, निम्स के डॉ. गोविन्द उपाध्याय भी उपस्थित थे।

इस एमओयू के अंतर्गत विशिष्ट क्षेत्रों मे आपसी सहयोग, शोध-अनुसंधान, शैक्षणिक आदान-प्रदान, संयुक्त अकादमिक कार्यक्रम, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शैक्षणिक अनुसंधान, संकाय आदान-प्रदान, पाठ्यक्रम विकास, अकादमिक सहयोग, छात्र और संकाय विनिमय कार्यक्रम, संयुक्त शोध - अनुसंधान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी अनुसंधान परियोजनाओं में आपसी सहयोग, विशेषज्ञता का आदान प्रदान, पाठ्यक्रम विकास, संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रम, तकनीकी सहयोग, विद्यार्थियों के उन्नयन के साझा प्रयास, शैक्षिक चर्चा-कार्यशालाओ,शैक्षणिक अनुसन्धान, अकादमिक कार्यक्रम, पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण, अकादमिक परियोजनाए, विषय विशेषज्ञ व्याख्यान,संयुक्त छात्र कार्यक्रमों, सामजिक एवं सांस्कृतिक सहयोग, भारतीय ज्ञान परंपरा के साथ माननीय मूल्य का विकास सहित कई क्षेत्रों में दोनों ने आपसी सहयोग करने के लिए सहमति व्यक्त की हैं। इस एमओयू के माध्यम से दोनों विश्विद्यालयों ने सांझा प्रयास किया है कि राष्टीय शिक्षा नीति के मंशानुरूप दोनों पक्षो के सहयोग से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को लाभान्वित किया जा सके। सलाहकार निम्स एवं पूर्व कुलपति प्रोफेसर अमेरिका सिंह ने कहा कि राजस्थान भारत में उच्च शिक्षा के लिए एक बहुत तेजी से उभरता गंतव्य है और निम्स विश्वविद्यालय इस उच्च शिक्षा क्रांति में सबसे आगे है। इस एमओयू से हम अपने छात्रों और संकाय सदस्यों को अनुपम अवसर प्रदान करेंगे जिससे विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में परिवर्तनकारी अकादमिक संभावनाएं प्राप्त होगी। यह एमओयू हमें रिसर्च और एक्सचेंज प्रोग्राम के माध्यम से मदद करेगा। विद्यार्थियों के लिए रिसर्च प्रोजेक्ट्स, को-डेवलपमेंट, शिक्षक, विद्यार्थी और शोधार्थियों के एक्सचेंज प्रोग्राम के साथ नवीतम कोर्सेज की संभावनाओं को तलाश करेगा।

कुलपति प्रोफेसर अंबरीष शरण विद्यार्थी ने कहा कि इस एमओयू से छात्रों और विश्वविद्यालय को नवाचार के बारे में जानकारी मिल सकेगी साथ ही शोध और अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा मिलेगा। यह एमओयू हमारी प्रतिबद्धता और आपसी सहयोग को मजबूती प्रदान करेगा और छात्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। आपसी ज्ञान और शोध को साझा करके हम विकास को बढ़ावा देंगे, हमें छात्रों को भविष्य की चुनौतियों का निवारण करने और अवसरों को पहचानने के लिए तैयार करना होगा। यह समझौता ज्ञापन छात्र विनिमय कार्यक्रमों के साथ-साथ संकाय विनिमय कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## ताश के पत्तों पर रुपयों का दांव लगाकर जुआं खेल रहे 18 जुआंरियों को नाई पुलिस ने किया गिरफ्तार



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिले की नाई थाना पुलिस व जिला स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्यवाही में ताश के पत्तों पर जुआं खेल रहे 18 जुआंरियो को गिरफ्तार कर दाव पर लगे करीब 1 लाख रुपये जब्त किए हैं।

एसपी योगेश यादव ने बताया कि जिले में अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत डीएसटी को मिली सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल सिंह मेंवाडा व सीओ गजेंद्र सिंह राव के सुपरविजन एवं एसएचओ नाई नरपत सिंह व डीएसटी के हैड कांस्टेबल अखिलेश के नेतृत्व में विशेष टीम द्वारा संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की गई है। थाना क्षेत्र में ताश के पत्तों पर रुपयों का दाव लगा रहे 18 जुआंरियों को गिरफ्तार किया जाकर दाव पर लगे रुपए जब्त किए गए।

**इन्हें किया गिरफ्तार**

टीम ने दबिश देकर मौके से आरोपी अयूब हुसैन, मोहम्मद वसीम व महेश निवासी थाना धान मंडी, इरफान पठान, साकिर, आसिफ, शोएब, शाहिद, फिरोज, सोनू खान, सद्दाम व शाहरुख निवासी थाना अम्बामाता, अमृत, पन्नालाल, माधु, धनराज एवं शुभम निवासी नाई तथा देवेंद्र निवासी थाना सूरजपोल को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1 लाख 3 हजार 370 रुपये जब्त किए गए।

## सुरक्षित मातृत्व, सर्वाइकल कैंसर, बांझपन और रजोनिवृत्ति विषयों पर पुस्तिकाओ का विमोचन

### महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जन - जागरूकता लाना पीएमसीएच उद्धेश्य

पदमावत मीडिया



**उदयपुर ।** एक महिला को अपने जीवन मे कई सारे बदलावों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में इस दौरान महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जन जागरूकता लाने के मकसद से पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की ओर से सुरक्षित मातृत्व,(प्रसव पूर्व एवं प्रसव उपरान्त) सर्वाइकल कैंसर, बांझपन और रजोनिवृत्ति जैसे विषयों पर पुस्तिकाओ का विमोचन पेसिफिक मेडिकल यूनिवर्सिटी, उदयपुर के चेयरपर्सन राहुल अग्रवाल,पीएमसीएच के एक्जिक्यूटिव डॉयरेक्टर अमन अग्रवाल,प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. राजरानी शर्मा ने किया।


विमोचन के इस अवसर पर राहुल अग्रवाल ने कहा कि ये पुस्तिकाएं अस्पताल के प्रसवपूर्व,बांझपन और रजोनिवृत्ति क्लीनिकों में आने वाले मरीजों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए एक बड़ा कदम हैं।

इस अवसर पर प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की विभागाध्यक्ष एवं लेखक डॉ. राजरानी शर्मा ने कहा कि 'महिलाओं का स्वास्थ्य परिवार और समाज की नींव है। एक स्वस्थ महिला एक स्वस्थ परिवार और समृद्ध समाज के लिए मौलिक है। हमारा उद्देश्य गर्भावस्था और बांझपन के विभिन्न पहलुओं के बारे में और भारत में महिलाओं में दूसरे सबसे आम कैंसर यानी सर्वाइकल कैंसर के लिए उपलब्ध स्क्रीनिंग विधियों के बारे में आम जनता को सरल भाषा में जागरूक करना है।

डॉ.शर्मा ने कहा कि हमारा प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग मासिक धर्म से लेकर रजोनिवृत्ति और उसके बाद तक महिलाओं के पूरे स्पेक्ट्रम की देखभाल करने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित है। हम करुणा, देखभाल और निष्ठा के साथ अपने मरीजों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## प्रियंका प्रदेशाध्यक्ष, तुलसी शहर जिलाध्यक्ष मनोनीत

### खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन महिला मण्डल का गठन





पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** खटीक समाज राष्टीय संगठन की कार्यकारिणी की बैठक गुरुवार को स्थानीय कार्यालय में संस्थापक जय निमावत एवं राष्टीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मातृशक्ति को समाज में आगे लाने के लिए संस्थापक निमावत एवं अध्यक्ष बागड़ी ने खटीक समाज राष्टीय संगठन महिला मण्डल कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें प्रियंका चौहान को प्रदेशाध्यक्ष, गंगा कुमारी खटीक को प्रदेश उपाध्यक्ष, तुलसी चन्देल को उदयपुर शहर जिलाध्यक्ष, प्रमिला बागड़ी व मीनाक्षी कटारिया को उदयपुर शहर जिला उपाध्यक्ष, निशा चंदेल को उदयपुर जिला महामंत्री पद पर मनोनीत किया। बैठक में राष्टीय महामंत्री पूरण चौहान, विजय निमावत, राजेश खटीक, विष्णु चंदेल, रतनलाल खटीक, कुलदीप चौहान सहित कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे।

## नवयुवक परिषद द्वारा आचार्य की मनाई पुण्य तिथि

पदमावत मीडिया

**भीनमाल ।** अखिल भारतीय राजेन्द्र जैन नवयुवक एवं महिला परिषद शाखा बैंगलोर के तत्वावधान में मुनिसुव्रत राजेन्द्र मंदिर एवेन्यू रोड के प्रांगण में आचार्य जयंतसेनसूरीश्वर की 7 वीं पुण्य तिथि मनाई गई ।

मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि मंदिर प्रांगण में महिला परिषद द्वारा जयंतसेन अष्टप्रकारी पूजा पूरे विधि विधान व संगीतमय धुन के साथ पढ़ाई गई । जिसमें श्रद्धालुओ ने बढ़-चढ़ कर दर्शन, वंदन, पूजा का लाभ लिया। शहर के कई मंदिरों में परमात्मा की सुंदर अंगरचना की गई । मंदिर को फूलो की सजावट से आकर्षक बनाया गया । आचार्य जयंतसेनसूरि की भव्य महा आरती की गई । जिसका लाभ प्रकाशकुमार माणिकचंद बॉलर परिवार द्वारा लिया गया व आचार्य के फोटो पर पुष्पमाला चढाने का लाभ श्रीमती सुख शांति परिवार ने लिया ।



इस अवसर पर महिला परिषद की राष्टीय अध्यक्षा श्रीमती प्रेमा बहन गाँधीमुथा ने कहा कि गुरु का कद भगवान से ऊपर होता है । गुरु का कोई मोल नही होता है, वे तो सदा अनमोल होते है । जो उपदेशक कम, स्वयं उदाहरण बन समझाते है । कठिन से कठिन परिस्थिति मे भी उनका स्मरण सदा विजय की ओर अग्रसर कर देता है । परिषद द्वारा नेलमंगला स्थित बुधिहाल में चंद्रप्रभस्वामी जैन गौशाला में मुक पशुओ को हरी घास खिलाई गई । आचार्य की पुण्य स्मृति मे गौशाला में घास डालने की दो ट्राली भेट की गई ।

इस अवसर पर राजाजीनगर स्थित राज राजेन्द्र जयंतसेन आशादेवी मिलापचन्द चौधरी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा एक हजार लोगों को जयन्त प्रसादी (अन्नदान) किया गया । उपरोक्त जानकारी दक्षिण प्रांतीय महामंत्री डूंगरमल चौपड़ा द्वारा दी गई ।

## पंचकर्म चिकित्सा से बरसो पुराने रोगों का हो रहा है सफल इलाज
## अग्निकर्म से होगा जीर्ण जॉइंट्स पेन का ईलाज - डॉ औदिच्य

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय सिन्धी बाजार में आयोजित 30वें निःशुल्क पंचकर्म शिविर में 57 रोगियों का उपचार चल रहा है। शिविर में जोड़ो का दर्द माइग्रेन, सायटिका, अवस्कुलर, नेक्रोसिस, एडी में दर्द, फ्रोजन शोल्डर, बालों की समस्या का उपचार के लिए विरेचन कर्म, बस्तिकर्म, नस्यकर्म, कटीबस्ती, जानुबस्ती, ग्रीवाबस्ती, सर्वांग स्वेदन, स्थानिक अभ्यंग, सर्वांग अभ्यंग, स्थानिक स्वेदन, षष्टिशाली पिंडस्वेद, पत्र पिंड स्वेद, शिरोधारा, शिरोबस्ती, धारास्वेदन, बस्तीकर्म, शिरावेध द्वारा किया जा रहा है। शिविर में स्थानीय रोगियों के साथ साथ अन्य राज्यों के रोगी भी लाभ ले रहे है।

**अग्निकर्म चिकित्सा विशेष शिविर आज**

औषधालय प्रभारी एवं वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ शोभालाल औदिच्य ने बताया कि शुक्रवार को कोटा के डॉ चंद्रेश तिवाड़ी द्वारा आयुर्वेद में वर्णित अग्निकर्म के माध्यम से फ्रोजन शोल्डर सायटिका कमर दर्द सर्वाइकल का दर्द, घुटनों का दर्द, मायग्रेन, मेद की गाठ एवं पैरो में होने वाले कोण का अग्निकर्म से उपचार किया जायेगा। चिकित्सा शिविर में डॉ शेलेन्द्र शर्मा, डॉ. मिथिलेश शाक्यवाल, डॉ.संजय सोनी, डॉ नितिन सेजू, कंपाउंडर शंकरलाल खराड़ी, कंचन कुमार डामोर, अंजना बारोट, चंद्रेश परमार, भगवती लाल लोधा, परिचारक गजेन्द्र कुमार आमेटा, लालू राम , निर्भय सिंह भाटी ने सेवाएं दे रहे हैं।

## शिल्पग्राम के दर्पण सभागार में 'संक्रमण' नाटक का मंचन रविवार को

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** शिल्पग्राम के दर्पण सभागार में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर द्वारा आयोजित मासिक नाट्य संध्या 'रंगशाला' में 'संक्रमण' नाटक का मंचन रविवार 5 मई को होगा।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि माह के प्रथम रविवार को आयोजित होने वाले मासिक नाट्य संध्या रंगशाला के तहत अभिनव गुरुकुल एक्टर्स स्टूडियो जोधपुर द्वारा 'संक्रमण' नाटक का मंचन किया जाएगा। इस नाटक के लेखक स्व. श्री कामतानाथ एवं निर्देशक अरू व्यास है। इस नाटक में 6 कलाकार भाग ले रहे हैं। रविवार शाम सात बजे होने वाली नाटक प्रस्तुति में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

यह है कहानी-

संक्रमण कहानी मुख्य रूप से पिता, पुत्र और माँ की गवाही है, ये तीन कथन पिता और पुत्र के बीच रोजमर्रा के संघर्ष की कहानी है। जहाँ पिता अपने रोजमर्रा के संघर्ष, त्याग और जीवन के अनुभवों का महत्व सिद्ध करता है, जहाँ सुनने वाली हमेशा उसकी प|ि होती है। पिता को अपने जीवन का सत्य अपने नजरिए से सार्थक लगता है लेकिन बेटा अपने पिता के नजरिए पर सवाल उठाता रहता है क्योंकि उसने वह संघर्ष, बलिदान और अनुभव नहीं देखा है जिससे उसके पिता गुजरे हैं। इन दोनों नजरियों के टकराव में पिसती है मां, जो किसी भी पक्ष में खड़ी नहीं हो पाती, लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता है पति का यह व्यवहार एक तरह का संक्रमण बन जाता है जो हर पिता से उसके बेटे में फैलता है। यह नाटक पिता और पुत्र के बीच तथाकथित 'पीढ़ी के अंतर' और 'वैचारिक मतभेद' पर सवाल उठाता है। वह बेटा जो अपने पिता के झक्की व्यवहार पर सवाल उठाता है लेकिन जब वह खुद पिता बनता है, तो वह खुद को उसी स्थान पर पाता है।

## हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड का सात दिवसीय
### संभाग स्तरीय स्काउट बेसिक एडवांस कोर्स प्रशिक्षण शिविर शुरू



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के तत्वावधान में सात दिवसीय संभाग स्तरीय स्काउट गाइड, कब मास्टर, फ्लॉक लीडर का बेसिक व एडवांस कोर्स प्रशिक्षण शिविर मंगलवार को महावीर जैन कॉलेज विद्यालय संस्थान कीर की चौकी भींडर में शुरू हुआ। शिविर में राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) प्रदीप मेघवाल, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) चित्रलेखा शुक्ला, जिला सचिव मदन लाल वर्मा, जिला ऑर्गेनाइजर गाइड शांता वैष्णव, डाइट व्याख्याता एवं बीएसटीसी दल उदयपुर के प्रभारी गिरीश कुमार चौबीसा, जिला मुख्यालय आयुक्त (जनसंपर्क) गोपाल मेहता मेनारिया, मंत्तम बीएसटीसी महाविद्यालय के प्रभारी कृष्ण गोपाल जोशी, अरावली कॉलेज के प्रभारी लक्ष्मीलाल स्वर्णकार ने शिविर के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला एवं उपयोगी जानकारी दी। हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के जिला मुख्यालय आयुक्त जनसंपर्क गोपाल मेहता मेनारिया ने बताया प्रथम दिन अनुपस्थित रहे अध्यापकों को 3 मई तक शिविर में उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा गया है, इसके बाद भी शिविर में उपस्थित नहीं देने वाले कार्मिकों की सूची एवं कार्यमुक्त नहीं करने वाले संस्था प्रधानों की सूची जिला कलेक्टर एवं उच्च शिक्षा अधिकारियों को प्रेषित कर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए पत्र भेजा जाएगा।

# सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन में अब एक तिहाई महिलाओं की हिस्सेदारी...

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाया है। सुप्रीम कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन में एक तिहाई महिला आरक्षण लागू करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने बीडी कौशिक के मामले में कोर्ट के पुराने फैसले को स्पष्ट करते हुए ये निर्देश दिए हैं।

बेंच के निर्देश के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के ट्रेजरी यानी कोषाध्यक्ष का पद महिला के लिए आरक्षित रहेगा। इसके अलावा एसोसिएशन की कार्यसमिति के 9 में से 3 सदस्यों के पद महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगे। इस आदेश का परिपालन पहली बार 16 मई को होने वाले सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में होगा। इन चुनाव के नतीजे 18 मई को आएंगे।

बता दें कि अब एससीबीए के पदाधिकारियों अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष में कोषाध्यक्ष पद महिलाओं के लिए आरक्षित रहेगा। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन में सीनियर एडवोकेट्स के लिए बनी सीनियर कार्यकारिणी के छह सदस्यों में से दो और सामान्य कार्यकारिणी के नौ सदस्यों में से तीन सदस्य के पद महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे।

कोर्ट ने कहा कि उम्मीदवारों की योग्यता और शर्तों में आवश्यक बदलाव व सुधार की बाबत आठ प्रस्ताव आए लेकिन वो नाकाम हो गए। इनके अलावा एसोसिएशन का सदस्य बनने के लिए फीस और चुनाव लडने् के लिए उम्मीदवार की जमानत राशि को लेकर भी लाए गए प्रस्ताव 30 अप्रैल को आयोजित स्पेशल जनरल बॉडी मीटिंग में गिर गए। ऐसे में कोर्ट ने महसूस किया कि नियम, योग्यता, शर्तों और फीस को लेकर निर्णय लेने को जरूरत है। क्योंकि इन चीजों को दशकों तक लटकाए नहीं रखा जा सकता। समय रहते सुधार और बदलाव जरूरी हैं।

कोर्ट ने कहा कि एससीबीए इस बाबत अपनी वेबसाइट या अन्य तरीकों से सदस्यों से 19 जुलाई तक सुझाव मंगाए। यानी सुझाव 19 जुलाई तक भेजे जा सकते हैं। इसके



बाद आम वकीलों से मिलने वाले ये सुझाव बार एसोसिएशन डिजिटल या प्रिंटेड फॉर्मेट में संकलित कर कोर्ट को दें। यानी उन सुझावों के आधार पर अभी सुधारों और बदलाव का सिलसिला जारी रहेगा।

## दिल्ली महिला आयोग के 223 कर्मचारी बर्खास्त

**नई दिल्ली ।** दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना के आदेश पर दिल्ली महिला आयोग से 223 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। आरोप है कि दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने नियमों के खिलाफ जाकर बिना अनुमति के इनकी नियुक्ति की थी।

आदेश में डीसीडब्ल्यू एक्ट का हवाला देते हुए कहा गया है कि आयोग केवल 40 कर्मचारियों को ही रख सकता है। लेकिन, एलजी की मंजूरी के बिना 223 नए पद बनाए गए हैं। आयोग के पास कॉन्ट्रैक्ट पर कर्मचारियों की नियुक्ति का अधिकार नहीं है। स्वाति




मालीवाल ने जनवरी 2024 में आयोग के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है। अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी की तरफ से उन्हें राज्यसभा में सांसद पद के लिए नॉमिनेट किया था।

## संदेशखाली को लेकर चल रही सीबीआई जांच से कलकत्ता हाईकोर्ट संतुष्ट

**कोलकाता ।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की चल रही सीबीआई जांच को मंजूरी दे दी है। समीक्षा के दौरान मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य ने एजेंसी द्वारा की गई प्रगति पर संतोष जाहिर किया। इसके अतिरिक्त, अदालत ने उसके आवेदन के बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) को मामले में एक पक्ष के रूप में शामिल करने अनुमति दे दी है। विशेष रूप से, जांच विवरण के संबंध में गोपनीयता बनाए रखने का सीबीआई का अनुरोध अदालत ने स्वीकार कर लिया है।

अदालत ने सीबीआई को संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन पर कब्जा करने के आरोपों की जांच करने का निर्देश देकर गुरुवार को प्रगति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था। अदालत ने सीबीआई को राजस्व रिकॉर्ड का गहन निरीक्षण करने और कथित रूप से परिवर्तित की गई भूमि के भौतिक निरीक्षण के बाद मछली पालन के लिए कृषि भूमि को जलाशयों में कथित अवैध रूपांतरण की जांच करने का भी निर्देश दिया था। पीठ ने एनएचआरसी को मामले में पक्ष के रूप में शामिल होने की अनुमति दे दी। अदालत संदेशखाली में हुई घटनाओं के संबंध में स्वत» संज्ञान याचिका और अन्य जनहित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है।

अदालत ने राज्य के अधिकारियों को पूर्ण सहयोग देने का निर्देश दिया और कहा कि यदि कर्मचारियों की कोई कमी है, तब उपयुक्त अधिकारी इस उद्देश्य के लिए अतिरिक्त कर्मचारी तैनात करे और वे सीबीआई के साथ मिलकर काम करे। अदालत ने अगली सुनवाई 13 जून के लिए निर्धारित की।


# अफवाहों पर लगा विराम , मारा गया युवक गोल्डी बराड़ नहीं कोई और निकला

**चंडीगढ़ ।** सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मास्टरमाइंड गोल्डी बराड़ की हत्या वाली खबरों को देर रात विराम लग गया है। कैलिफोर्निया के फ्रेस्नो पुलिस ने साफ कर दिया कि मारा गया युवक गोल्डी बराड़ नहीं था। इंटरनेट और मीडिया में फैलाई जा रहीं खबरें पूरी तरह निराधार और मात्र अफवाह है।

बता दें कि गैंगस्टर लखबीर सिंह ने अपने फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट डालकर आतंकी गोल्डी बराड़ की हत्या की जिम्मेदारी ली है। अपने फेसबुक अकाउंट में उसने लिखा कि गोल्डी बराड़ की हत्या हमने कराई है।विदेश में बैठा लखबीर भी पंजाब में अपना गुट चला रहा है और उसके खिलाफ रेड कार्नर नोटिस जारी हो चुका है। लखबीर और लारेंस बिश्नोई दोनों ही पंजाब के अलावा देश भर में अपना-अपना नेटवर्क चला रहे हैं और दोनों ही आपस में कट्टर विरोधी हैं। दोनों गुटों में कई बार गुटवार हो चुकी है। अमेरिकी पुलिस ने दावा किया कि मारा गया युवक आतंकी गोल्डी बराड़ नहीं है। मालूम हो कि बीते मंगलवार को कैलिफोर्निया के फेयरमोंट होटल के बाहर दो युवकों को गोली मार दी गई, जिनमें 30 वर्षीय युवक की अस्पताल में मौत हो गई। दूसरे को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। गोलीबारी में घायल और मृतक व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है।इससे पूर्व में पंजाब में अफवाहें चलती रहीं कि अमेरिका में मंगलवार देर शाम गोल्डी बराड़ की गोली मारकर हत्या हो गई है। लेकिन, यह पुष्टि नहीं हो पा रही थी कि मारा गया गोल्डी बराड़ पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का मास्टरमाइंड है या इसी नाम का एक बड़ा नशा तस्कर।



# निकल गई हेकड़ी......भारतीय पर्यटकों को लुभाने में जुटा मालदीव



**नई दिल्ली ।** मालदीव में मोहम्मद मुइज्जू के राष्ट्रपति बनने के बाद से दोनों देशों में खटास आ गई है। मालदीव के तीन मंत्रियों ने पीएम मोदी को लेकर अभद्र टिप्पणी की जिसके बाद भारत में मालदीव बॉयकाट का ट्रेंड शुरु हो गया। मालदीव की इकोनॉमी में भारतीय पर्यटकों का बड़ा योगदान है। इसके बाद साल 2024 में मालदीव के अंदर भारतीय पर्यटकों की संख्या में गिरावट आने के बाद अब मालदीव परेशान दिख रहा है।

जिसके बाद मालदीव मार्केटिंग एंड पब्लिक रिलेशंस कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक फातिमथ तौफीक ने खुलासा किया है कि भारतीय पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए अब नए प्रयास शुरू किए हैं। मालदीव पर्यटन बोर्ड के एमडी ने बताया कि जैसे ही पर्यटन मंत्रालय ने साल 2024 में भारतीय पर्यटकों की संख्या में गिरावट देखी, उन्होंने भारतीय बाजार को आकर्षित करने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। मालदीव पर्यटन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, साल 2021 से 2023 के बीच मालदीव में सबसे अधिक भारतीय पर्यटक पहुंचे, लेकिन विवाद के बाद भारतीय टूरिस्टों की रैंकिंग पहले से छठे स्थान पर खिसक गई है।

उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि अगर लंबे समय तक भारतीय टूरिस्ट मालदीव से दूरी बनाते हैं, मालदीव को बड़ा झटका लग सकता है। इस बीच फातिमाथ ने कहा कि हम भारतीय बाजार से पर्यटकों की आवक बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय पर्यटकों की आवक बढ़ाने के लिए सीजन से पहले भी अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके लिए मालदीव ने भारत सरकार से भी मदद मांगी है। भारतीय बाजार में मालदीव पर्यटन ब्रांड को बढ़ावा देने के लिए कई एयरलाइंस के साथ मालदीव पर्यटन विभाग ने समझौता किया है। एमडी ने बताया कि वे इसतरह के अभियान चलाएंगे, जिससे पर्यटकों की संख्या बढ़ सके।

## शराब पीने की आदतों के कारण बढ रहे फैंटी लीवर के मामले

**नई दिल्ली ।** डॉक्टरों ने विश्व लिवर दिवस के मौके पर बढ़ते स्वास्थ्य संकट से निपटने के लिए जागरूकता बढ़ाने और स[ि]य उपायों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया। डॉक्टरों का कहना है कि सेडेंटरी लाइफस्टाइल और शराब पीने की आदतों के कारण फैटी लीवर के मामले बढ़ रहे हैं। हर पांच में से लगभग एक व्यक्ति फैटी लिवर से प्रभावित है।डॉक्टरों का कहना है कि फैटी लीवर को कभी एक छोटी मोटी समस्या के रूप में खारिज कर दिया जाता था। लेकिन यह अब मधुमेह, कोलेस्ट्रॉल से संबंधित मुद्दों और हृदय संबंधी बीमारियों समेत अंतर्निहित स्वास्थ्य जोखिमों का एक शक्तिशाली संकेतक बनकर उभरा है। इसके अलावा, स्टीटोहेपेटाइटिस, सिरोसिस और यकृत (लिवर) कैंसर जैसी अधिक गंभीर जटिलताओं को रेखांकित करती है। फैटी लीवर से बचने के लिए जीवनशैली में बदलाव और पौष्टिक आहार का सेवन जरूरी है। नियमित शारीरिक गतिविधि को



शामिल कर लंबे समय तक फैटी लीवर के विकास के जोखिम को कम किया जा सकता है। डॉक्टरों के मुताबिक, तले हुए खाद्य पदार्थों और चीनी का इस्तेमाल बहुत कम करना चाहिए। सब्जियां, दाल, प्रोटीन और आवश्यक वसा से भरपूर संतुलित आहार को अपनाना महत्वपूर्ण है। भोजन में प्रतिदिन सब्जियों के सेवन को शामिल करें, जिसमें पर्याप्त प्रोटीन स्रोत हों। मध्यम मात्रा में घी शामिल करना और तले हुए खाद्य पदार्थों और मीठे व्यंजनों से परहेज करना, लिवर के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और फैटी लिवर जटिलताओं के जोखिम को कम करने में महत्वपूर्ण हैं। डॉक्टरों का कहना है कि नियमित व्यायाम वजन को कंट्रोल में रखने में मदद करता है, जिससे लिवर की कार्यक्षमता बढ़ती है और फैटी लिवर का खतरा कम होता है। हेपेटाइटिस बी टीकाकरण वायरस की रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण है।

# एशिया देशों में आग उगल रहा सूर्य......आग की भटटी बने कई देश

**नई दिल्ली ।** एशिया के देशों में इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। इससे गर्मी से संबंधित बीमारियों और मौतों में काफी ज्यादा तेजी आई है। बीते कुछ दिनों में भारत से फिलीपींस तक तापमान 100 से 120 डिग्री तक बढ़ गया है, जबकि जापान में तापमान 90 डिग्री तक बढ़ा है। मौसम विज्ञानी मैक्सिमिलियानो हरेरा ने लिखा है कि पूरे एशिया में तापमान कई पुराने रिकॉर्ड क्रूरतापूर्वक तोड़ रहा है, जो विश्व जलवायु इतिहास में अब तक की सबसे चरम घटना है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अप्रैल के आखिरी हफ्ते में एशिया ने भीषण गर्मी देखी और मई के शुरुआत दिनों में भी इसके जारी रहने की संभावना है। दक्षिण एशिया के कई इलाकों में मार्च से ही तापमान सामान्य से ऊपर बना हुआ है। फिलीपींस में 1.4 करोड़ लोगों की आबादी वाले मनीला में बीते शनिवार को अब तक का उच्चतम तापमान 101.8 डिग्री फारेनहाइट (38.8 सेल्सियस) दर्ज किया गया। बांग्लादेश, भारत, चीन में भी गर्मी रंग दिखा रही है।

बांग्लादेश में अप्रैल के आखिरी में गर्मी के कारण स्कूलों को बंद करना पड़ा। देश में तापमान 109.4 डिग्री (43 डिग्री सेल्सियस) तक पहुंच गया। मंगलवार को बांग्लादेश में उच्च तापमान 110.8 डिग्री (43.8 सेल्सियस) था। चीन के हालात भी अच्छे नहीं हैं। चीन के युन्नान प्रान्त में अप्रैल में देश का शीर्ष तापमान 110.1 डिग्री (43.4 सेल्सियस)रहा। हैनान प्रांत में तापमान 109 डिग्री (42.8 सेल्सियस) तक पहुंचा, जो हैनान के लिए अब तक का उच्चतम तापमान है।

भारत कई हिस्सों में भीषण गर्मी है। खासतौर से कोलकाता में अप्रैल की सबसे लंबी गर्मी की लहर महसूस की गई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 2 मई तक कोलकाता और आसपास के क्षेत्रों के लिए अत्यधिक गर्मी के लिए कोड रेड घोषित किया। यहां तापमान औसत से लगभग 9 से 18 डिग्री (5 से 10 डिग्री) अधिक, 114.8 डिग्री (46 डिग्री सेल्सियस) तक पहुंचा है। जलवायु डेटा के विश्लेषण के अनुसार भारत 2030 तक उच्च तापमान के लिहाज से दुनिया का सबसे संवेदनशील देश होगा।

जापान, म्यांमार में भी गर्मी का हाहाकार जापान में दक्षिण से उत्तर तक गर्मी के नए रिकॉर्ड बने हैं। लाओस में अप्रैल का राष्ट्रीय रिकॉर्ड शुक्रवार को बना, जब नगोन में तापमान 109.8 डिग्री (43.2 सेल्सियस) तक पहुंच गया। म्यांमार में पारा 114.8 डिग्री (46 डिग्री सेल्सियस) तक बढ़ गया है। फिलीपींस में मनीला खाड़ी के सांगली प्वाइंट पर भी न्यूनतम तापमान 86.4 डिग्री (30.2 सेल्सियस) दर्ज किया गया, जो देश के इतिहास में रात का सबसे ज्यादा तापमान है। ताप सूचकांक 110 डिग्री से अधिक होने के कारण स्कूल बंद कर दिए गए हैं। थाईलैंड में भी भीषण गर्मी देखी जा रही है। एरिजोना विश्वविद्यालय में मौसम विज्ञान के प्रोफेसर किम वुड का कहना है कि इस गर्मी के पीछे की एक अहम वजह असामान्य रूप से समुद्र के पानी का गर्म होना है। उनका कहना है कि कुछ स्थानों पर गर्मी कुछ समय के लिए कम हो सकती है लेकिन औसत से ज्यादा




तापमान बना रहेगा। मई के मध्य तक गर्मी और भी बढ़ सकती है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com web. padmavatmedia.in. नोट» (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है।